मां के प्यार में बेटे ने बनवाया दक्षिणी ताजमहल, तमिलनाडु के थिरुवरूर में उमड़ रही लोगों की भीड़

एजेंसी ▶▶| थिरुवरूर

तमिलनाडु के थिरुवरूर जिले में एक बेटे ने अपनी मां की याद में ताजमहल जैसी भव्य इमारत बनवाई है, जिसे लोग दक्षिणी ताजमहल कह रहे हैं। अमुरदीन ने राजस्थान के सफेद संगमरमर से यह स्मारक तैयार कराया, जिसे देखने देशभर से लोग पहुंच रहे हैं। यहां सभी समुदायों के लोगों को प्रवेश दिया जाता है और आगंतुकों के लिए मुफ्त व्यवस्था भी की गई है। मां के प्रति एक बेटे का प्रेम अब भव्य स्मारक के रूप में लोगों को आकर्षित कर रहा है। तमिलनाडु के थिरुवरूर जिले में बना यह अनोखा स्मारक इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। लोग इसे दक्षिणी ताजमहल कह रहे हैं।

अमुरदीन ने अपनी मां के याद में बनवाया

यह स्मारक अम्मायापन गांव में बनाया गया है। यहां रहने वाले शेख दाऊद और जेलानी बीवी के बेटे अमुरदीन (49), जो चेन्नई के व्यवसायी हैं, ने अपनी मां की याद में इस इमारत का निर्माण कराया। परिवार में उनकी चार बहनें भी हैं और सभी चेन्नई में रहते हैं। पिता के निधन के कुछ वर्षों बाद वर्ष 2020 में मां जेलानी बीवी का भी देहांत हो गया। मां के जाने के बाद अमुरदीन ने उनकी याद को हमेशा जीवित रखने के लिए गांव में एक भव्य स्मारक बनाने का फैसला किया।

किससे मिली इमारत बनवाने की प्रेरणा

उन्होंने बताया कि उन्हें एम. करुणानिधि से प्रेरणा मिली, जिन्होंने अपनी मां अंजुगम अम्मैयार की स्मृति में स्मारक बनवाया था। इसी सोच के साथ अमुरदीन ने भी अपनी मां के लिए कुछ खास करने का निर्णय लिया। अमुरदीन का कहना है कि जिस तरह ताज महल प्रेम का प्रतीक माना जाता है, उसी तरह वह अपनी मां के लिए प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने राजस्थान से सफेद संगमरमर मंगवाकर मुगल शैली में ताजमहल जैसी इमारत तैयार करवाई।

इमारत की खासियत

करीब एक एकड़ जमीन पर बने इस स्मारक का निर्माण लगभग 8,000 वर्गफुट क्षेत्र में किया गया है। इसकी चौड़ाई 46 फीट है और इसमें ऊंची मीनारें भी बनाई गई हैं। इस अनोखे स्मारक का उद्घाटन 2 जून 2022 को सादगीपूर्ण समारोह में किया गया था। स्मारक परिसर में उनकी मां की याद में एक मस्जिद बनाई गई है। साथ ही एक ओर मध्य नमाज़ स्थल और दूसरी ओर मदरसा भी है, जहां छात्र रहकर पढ़ाई कर सकते हैं।

आगंतुकों का किया जा रहा भरपूर सम्मान

तमिलनाडु समेत देश के कई हिस्सों से परिवार यहां पहुंच रहे हैं। आगंतुकों के लिए प्रवेशद्वार की ओर से मुफ्त छाछ, जुंडल और मूंगफली की चिक्की भी दी जा रही है। सबसे खास बात यह है कि यहां सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को बिना किसी भेदभाव के प्रवेश दिया जाता है। गर्मी की छुट्टियों के चलते अब यहां आने वालों की संख्या और बढ़ गई है। लोग परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं।

जैकेट के शेष

पांच सालों में ....

तुलसी नेवरा गांव की भी है, जहां टंकी निर्माण कार्य 5 साल में 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, लेकिन 20 प्रतिशत कार्य के लिए फंड का आवंटन ही नहीं किया है। यानी पानी की सुविधा को अब तक ग्रहण लगा हुआ है। इधर पीएचई विभाग व जिला पंचायत छपोरा, तुलसी सहित अन्य ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के कार्य क्यों रुके हुए हैं, इसकी जानकारी देने से बच रहे हैं। सीईओ का कहना है कि इस मामले में पीएचई अधिकारी ही जानकारी दे पाएंगे, वहीं पीएचई अधिकारी कुछ भी जानकारी देने से बच रहे है। इधर इस मामले में कलेक्टर से संपर्क किया, तो उन्होंने भी यह कह दिया कि पीएचई अधिकारी से संपर्क करें।

पानी मिलने का 5 साल से कर रहे इंतजार : ग्राम छपौरा आरंग में भी पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से इस गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में भूजल का स्तर नीचे जाने से कई इलाकों में पानी की समस्या ज्यादा गंभीर है। इन इलाकों में रहने वाले लोग जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनके घरों में लगे नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिल सके।

सामान्य सभा में ....

राशि आबंटन नहीं होने के कारण निर्माण एजेंसी ने रोक दिया है। राशि का आबंटन होने पर कार्य पूर्ण किया जाएगा।

भारतमाला घोटाले में ....

छापे की कार्रवाई कर चुकी है। वर्तमान में रोशन चंद्राकर जमानत पर हैं। भारतमाला जमीन अधिग्रहण मुआवाजा घोटाला में ईडी की एक माह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इसके पूर्व 17 मार्च को ईडी ने घोटाले के मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनूजा तथा उससे जुड़े अन्य लोगों पर कार्रवाई की थी। खनूजा पर 27 करोड़ बेजा लाभ हासिल करने का आरोप है। ईडी ने उसकी 23 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की थी।

यह है भारतमाला ....

रही है। इस आधार पर अब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से अपनी जांच तेज कर दी है। राज्य की जांच एजेंसी ने घोटाला में शामिल अब तक एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

बेमेतरा में 5 मई ...

में हुए विकास कार्यों के साथ ही जिले की समस्याओं तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों पर सीधे सवाल जवाब होते हैं। कार्यक्रम की विशेषता ये है कि न केवल सत्तापक्ष अपितु विपक्ष के तमाम जनप्रतिनिधियों से भी मंच के माध्यम से सीधे सवाल जवाब किए जाते हैं। जनप्रतिनिधियों के अलावा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से भी जनता को रूबरू कराया जाता है तथा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत, डीएफओ जैसे अधिकारी मंच के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी साझा करते हैं। बस्तर के नारायणपुर, दंतेवाड़ा जैसे सुदूर जिलों से लेकर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित बलरामपुर जिले तक जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम के संचालक आईएनएच – हरिभूमि के प्रधान संपादक डा हिमांशु द्विवेदी की संकल्पना के अनुरूप जिला संवाद का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक जिले में किया जाना है।

पेज एक के शेष

डीएमएफ में 18 हजार करोड़ से...

(जिला खनिज न्यास) का गठन किया। इस न्यास में हर साल करोड़ों रुपए की राशि जिलों को प्राप्त होती है। यह राशि खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च की जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में डीएमएफ फंड के तहत कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इनमें से कई शिकायतों की एजेंसियों द्वारा जांच भी की जा रही है। कई अधिकारियों और दूसरे लोगों को इन मामलों को जेल भी भेजा जा चुका है ।

होर्मुज खोलने को तैयार ईरान...

चाहते हैं, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित एक समग्र समझौते के तहत युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जा सके। ट्रंप ने रविवार को न्यूज चैनल से कहा, हमारे पास सभी विकल्प मौजूद हैं। अगर वह बात करना चाहते हैं, तो हमारे पास आ सकते हैं, या हमें बुला सकते हैं।

पुष्पा स्टाइल में नशे की...

फैल गई। अतरमरा पंचायत के बड़े पुलिया के नीचे पानी में बहते 17 पैकेट से करीब 73 किलो गांजा छोटे-छोटे पैकेट में जिसकी क़ीमत 15 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस तरह खुलेआम पुल के नीचे नशे की खेप मिलना क्षेत्र में पहली बार देखा गया जिससे लोगों में भय और कौतूहल का माहौल बन गया है।

अतरमरा क्षेत्र पहले भी...

मार्ग या आसपास के अंदरूनी गांवों से होते हुए यहां तक पहुंची हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतरमरा क्षेत्र पहले भी अवैध गांजा कारोबार को लेकर चर्चा में रहा है। ऐसे में इस बरामदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं क्या यह किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। क्या तस्कर अब पानी के रास्ते सप्लाई का नया तरीका अपना रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

सुना था वक्त अक्सर...

एनजीएसएल को सौंपी गई थी। अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारे एथेना संयंत्र में हमने सुरक्षा के उच्चतम मानक लागू किए थे। संचालन एवं रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी एनजीएसएल को दी गई थी जो एनटीपीसी एवं जीई के बीच साझेदारी है और भारत की सबसे भरोसेमंद संस्थाओं में एक मानी जाती है। ठेकेदार, दल और तकनीकी विशेषज्ञता सभी उन्हीं के थे।

पूर्व मुख्यमंत्री का एआई ...

अलग-अलग थानों में जाकर इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृव में आंदोलन किया जा रहा है। पुलिस को 28 अप्रैल की शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है।

अनियंत्रित होकर पलटी बस...

दुर्ग के तितुरडीह लौट रही थी। ग्राम हिर्री के पास दुर्ग-जालबांधा मेन रोड मड़ियापार के पास मोड़ में तेज रफ्तार बस का अचानक अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे के बाद बरातियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में घायल बरातियों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। 17 को सामान्य चोटें आई हैं। एक वृद्ध और बच्चे की हालत गंभीर है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे बारातियों को मुश्किल से बाहर निकाला।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुखादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

एजेंसी ▶▶| थिरुवरूर

राघव चड्ढा समेत 7 बागी सांसदों की भाजपा में एंट्री को मिली राज्यसभा सभापति से मंजूरी

आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका मिला है। राज्यसभा में राघव चड्ढा, संदीप पाठक समेत आम आदमी पार्टी के 7 सांसदो को बीजेपी में शामिल होने के प्रस्ताव को राज्यसभा चेयरमैन ने मंजूरी दे दी है। राज्यसभा ने नोटिफिकेशन जारी किया है जिसमें बीजेपी सांसदों की लिस्ट में इन 7 नेताओं का नाम शामिल है। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के बीजेपी में शामिल होने के बाद राज्यसभा में बीजेपी के सांसदो की संख्या 113 हो गई है। जिनमें 5

राष्ट्रपति की तरफ से मनोनीत सदस्य है।

ये सांसद हुए हैं भाजपा में शामिल : बीजेपी में जो 'आप' सांसद शामिल हुए हैं, उनके नाम अशोक कुमार मित्तल, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, संदीप कुमार पाठक, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता हैं।

'आप' के पास महज 3 सांसद बचे

शुक्रवार को राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने बीजेपी में शामिल होने का ऐलान किया था। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन ने मिठाई खिलाकर सांसदों का पार्टी में स्वागत किया था। आप के 7 सांसदों के बीजेपी में विलय के बाद अब पार्टी के पास महज 3 सांसद रह गए हैं। इनके नाम संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और संत बलबीर सिंह हैं। सांसदों के दल बदल पर आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह भड़कते नजर आए थे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने 7 सांसदों का ऐसे आम आदमी पार्टी से अलग होना गैर कानूनी बताया था।

राम जन्मभूमि के शिव मंदिर पर कल 'धर्म ध्वजा' फहराएंगे योगी

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

रामनगरी अयोध्या एक बार फिर एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पल की साक्षी बनने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर के शिखर पर 29 अप्रैल को भव्य 'धर्म ध्वजा' फहराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस गरिमामयी समारोह का नेतृत्व करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, यह कार्यक्रम 29 अप्रैल की शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है। मंदिर परिसर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्वी कोने) में स्थित शिव मंदिर के शिखर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ धर्म ध्वजा फहराएंगे। इस आयोजन को लेकर प्रशासन और ट्रस्ट ने व्यापक तैयारियां की हैं। कार्यक्रम में शिव मंदिर के 1000 से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, संत-महंत और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। अतिथियों की सुविधा के लिए उदया स्कूल चौराहा, टेढ़ी बाजार और परिक्रमा पथ के पास पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

बड़ी संख्या में पहुंचेंगे भक्त

राम जन्मभूमि परिसर के 732 मीटर लंबे परकोटे के भीतर विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों का निर्माण किया गया है। ट्रस्ट के सदस्य गोपाल जी ने जानकारी दी कि रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों में ध्वजारोहण पूर्व में ही संपन्न हो चुका है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण इस कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो गोरक्षपीठ की परंपरा और शिवभक्ति के अटूट संबंध को प्रदर्शित करता है।

घायल महिला वकील का नहीं किया उपचार, सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक गंभीर मामले का संज्ञान लिया है। आरोप है कि दिल्ली के 3 अस्पतालों ने एक महिला वकील को भर्ती करने से इनकार कर दिया था, जिस पर उसके पति ने चाकू से हमला किया था। राहत की बात ये है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ट्रॉमा सेंटर में उनका इलाज हो सका और अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अदालत के इस कदम ने यह साफ कर दिया है कि आपातकालीन स्थिति में किसी को भी इलाज से वंचित नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने उन अस्पतालों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं, जिनमें गुरु तेग बहादुर अस्पताल, आर के अस्पताल और कैलाश अस्पताल शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने पीड़ित महिला को इलाज देने से इनकार कर दिया था।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65110KL1992PLC006922,
Registered Office : IV - A 555/A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/05/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा, हम ऐसे डिफॉल्टर शाखों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की एकमा नहीं चुकाई है, जिन आयटमस की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
दु.ग., महाराजा चौक, 0116770700018002, रायपुर, कटोरा तालाब रायपुर, 0131700730021530, 3351, पंचवटी ज्वेलर्स चौक रायपुर, 0128700730034738, तेलीबांधा रायपुर, 0123840730033234.

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन की एमईएमटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा; बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु.

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
भारत सरकार का उपक्रम
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
ई-निविदा सं. : IRCON/2059/CGRP/e-TENDER/25-26/Durgapur feeder/BSP दिनांक : 27.04.2026
उपरिलाख इंट रेलवे लिमिटेड की ओर से बोलता अवाकलताओं को पूरा करने वाले निविदाकारों से "राउरा इंट स्टील रेलवे पर उपरिलाख वाल में पत्थरों के रोड़े बेलना तथा कालिका (किमी-0) से सरसमपथ (किमी-7.42) के मध्य एक स्तर संहित इंट कॉलिंग-4 की नई बीजी विद्युतीकृत रेलवे लाइन के निर्माण से संबंध में दुर्गापुर स्टाइलिंग (किमी 0-4.46) को लोहारी काली कोकर लाइन हेतु रेलवे कॉलिंग के लिए मिट्टी कार्य एवं कॉन्क्रीट कार्य, घोर पुल, बड़े पुल, आरयूबी, आरओबी, ट्रैक सिक्रिंग कार्य (स्लीपरों एवं फैस्टनर की आपूर्ति सहित) परमू रेलवे की आपूर्ति रोहाई) सहित सिविल कार्य" के कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की अनुमानित लागत	रु. 109.23 करोड़ जीएसटी सहित
ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	18.05.2026 को 15:00 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। लखेश/पूर्वि एस, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। कार्यकारी निदेशक / परियोजना, सी-4, सिविल सेंटर, सर्वोच्च, नई दिल्ली-110017

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA MAHASAMUND
फॉरेस्ट स्कूल के पास, बी.टी.आई रोड, जिला-महासमुंद, छत्तीसगढ़-493445
Near Forest School, BTI Road, Dist. Mahasamund, Chhattisgarh-493445
दूरभाष/Telephone - 077232 22436, UDISE Code: 22122102455
Website- https://mahasamund.kvs.ac.in/, E-mail-mahasamundkv@gmail.com
फ.क्र.3-1/ पीएम श्री के. वि. महासमुंद/2026-27/20 दिनांक 25.04.2026

-:: प्रवेश सूचना :-

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 वीं (वाणिज्य संकाय) और कक्षा 12वीं (सिर्फ सेवा श्रेणी I और II के लिए) में प्रवेश हेतु पंजीकरण आमंत्रित करता है। भरा हुआ पंजीकरण फॉर्म (सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित) विद्यालय में 27/04/2026 से 06/05/2026 तक सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया विद्यालय की वेबसाइट देखें।

प्राचार्य
पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद

गुमशुदा व्यक्ति



विजयकुमार (बंडूभाऊ)
सुरेशचंद्र राहांगडाले
(मूल निवास फुक्कीमेटा), उम्र 68, मंगलवार ता. 21/04/2026 को दोपहर एक बजे से स्वामी निवास इंद्रप्रस्थ नगर, बनगाव तह. आमगांव से लापता हैं।
हुलिया: रंग : गोरा, कद : 5 फीट 6 इंच कपड़े: आसमानी हाफ शर्ट एवं काली पेंट पहने हुए ।
अगर आपको इनके बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो कृपया तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें:
9403371454, 9764580401

CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दंतेवाड़ा

क्र. 12-13/विज्ञापन/195 दंतेवाड़ा, दिनांक 27/04/2026

आवश्यक सूचना

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा / संधा) संभाग दंतेवाड़ा के अन्तर्गत निम्नलिखित 33/11 के.वी. फीडरों का मानसून पूर्व रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य करने हेतु निम्नानुसार दर्शाये गये क्षेत्र का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा।

क्र.	33/11 के.वी. फीडर का नाम	तिथि	समय	प्रभावित क्षेत्र
1	33 के.वी. बारसूर - तुमनार फीडर	29.04.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	कासोली वाटर फिल्टर
2	11 के.वी. दन्तेवाड़ा (श.) - 1 फीडर	29.04.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	पातररास / कतियाररास के आसपास के क्षेत्र
3	11 के.वी. गीदम शहर फीडर	30.04.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	गीदम शहर
4	33 के.वी. कुआकोण्डा - किरन्दुल फीडर	30.04.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	पालनार और कुआकोण्डा सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडर
5	33 के.वी. किरन्दुल-बचेली फीडर	04.05.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	बचेली सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फिडर
6	33 के.वी. गीदम - दन्तेवाड़ा फीडर	07.05.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	टेकनार और चितालंका सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडर एवं जिला अस्पताल दन्तेवाड़ा
7	11 के.वी. दन्तेवाड़ा (श.) - 3 फीडर	09.05.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	बी.एस.एन.एल. ऑफिस, दन्तेश्वरी मंदिर परिसर, टीकीज, नगरपालिका, एस.पी.ऑफिस, जी.ए.डी. कॉलोनी सुरभी कॉलोनी
8	11 के.वी. दन्तेवाड़ा (शा.0.) - 2 फीडर	16.05.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	आंवरभाटा, कोर्ट कॉलोनी, कलेक्ट्रेट कार्यालय, बंगला, पी.जी. कॉलेज
9	33 के.वी. कटेकल्याण फीडर	23.05.2026	प्रातः 9.00 से शाम 5.00 तक	कटेकल्याण / चितालूर / मेटापाल सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फिडर

नोट:- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि., दंतेवाड़ा

शब्द पहेली - 6209

बाएँ से दाए-
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6208 का हल



सूडोकु नवताल - 6219

★★★★☆ कठिन

	8	5						
3								
			6			7	4	
6			2		4			
1								8
			7		5			3
	4	7			1			
								6
						5	2	

सूडोकु नवताल - 6218 का हल

4	3	9	2	6	8	5	1	7
8	1	6	7	4	5	9	2	3
7	5	2	3	9	1	6	4	8
1	7	5	4	2	6	8	3	9
6	4	3	8	5	9	2	7	1
2	9	8	1	7	3	4	5	6
5	2	1	6	8	7	3	9	4
9	8	7	5	3	4	1	6	2
3	6	4	9	1	2	7	8	5

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्गों में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENA TALWALKAR